भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5005
सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में "हृदय" के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति

†5005. डॉ. मल्लू रवि:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि तेलंगाना में, विशेषकर वारंगल में, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और विस्तार योजना (हृदय) के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाएं मार्च, 2019 में इस योजना के आधिकारिक रूप से समाप्त होने के बाद भी अधूरी रह गई हैं;

(ख) क्या वारंगल के लिए लगभग 40.54 करोड़ रुपये के आवंटन में से अब तक केवल लगभग 29.70 करोड़ रुपये का ही उपयोग किया गया है, जिससे महत्वपूर्ण विरासत अवसंरचना कार्य अधूरे रह गए हैं;

(ग) केन्द्र, राज्य और शहरी स्थानीय निकायों के बीच समन्वय की विफलता सहित विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने वारंगल में विरासत संरक्षण और पर्यटन संभाव्यता पर राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और विस्तार योजना के अधूरे कार्यों के प्रभाव का आकलन किया है;

(ङ) क्या निष्पादन में विलंब और निधि के कम उपयोग के लिए कोई जवाबदेही तय की गई है; और

(च) तेलंगाना में विरासत विकास के लिए लंबित कार्यों को पूरा करने अथवा वैकल्पिक केन्द्रीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय 'विरासत शहर का विकास और विस्तार योजना' (हृदय) का संचालन नहीं कर रहा है। राष्ट्रीय विरासत शहर का विकास और विस्तार योजना (हृदय) 21 जनवरी, 2015 को शुरू की गई। यह अभियान 31 मार्च, 2019 को समाप्त हो गया है एवं पर्यटन मंत्रालय के तहत इसके विरासत घटक को "राष्ट्रीय तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)" योजना में शामिल कर दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के तहत तेलंगाना राज्य सहित देश में चिह्नित किए गए धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। तेलंगाना राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

डॉ. मल्लू रवि द्वारा तेलंगाना में "हृदय" के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †5005 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

तेलंगाना में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	2020-21	जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास	38.90
2.	2022-23	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	62.00
3.	2022-23	भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	41.38
4.	2024-25	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास	4.22

*****